# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक : 06 दिनांक 24/12/11


अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901


सेवा में,

आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार, पटना ।

विषयः- पंचायत निर्वाचन 2011 में निर्वाची पदाधिकारी नियुक्ति के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि पंचायत राज अधिनियम 2006 में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी/उप समाहर्त्ता स्तर के पदाधिकारी को निर्वाची पदाधिकारी बनाने का प्रावधान किया गया है। सेवा पुनर्गठन के पश्चात प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का वेतनमान 9300-34800 ग्रेड वेतन 4800, अंचल अधिकारी का वेतनमान 6500-10500 (अपुनरीक्षित) निर्धारित किया गया है जबकि वरीय उप समाहर्त्ता का वेतनमान प्रथम चार वर्ष के लिए पे-बैण्ड-2 ग्रेड वेतन 5400 एवं सेवा सम्पुष्टि के उपरान्त पे-बैण्ड-3 ग्रेड वेतन 5400 प्रदान किया गया है । स्पष्ट है कि वरीय उप समाहर्त्ता स्तर के पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी के स्तर से उच्चतर पद के पदाधिकारी है ।

कई जिलों से सूचना प्राप्त हो रही है कि वरीय उप समाहर्त्ता को प्रखण्डों के लिए पंचायत समिति का निर्वाची पदाधिकारी बनाया जा रहा है । जबकि प्रखण्डों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी /अंचल अधिकारी पदस्थापित है वैसी स्थिति में निर्वाची पदाधिकारी के दायित्व का निर्वहन उन्हीं के द्वारा की जानी चाहिए । दूसरा विन्दु यह भी है कि चुनाव के उपरान्त (i) चुनाव संबंधी कागजातों का नकल देने एवं सूचना के अधिकार के तहत सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चुनाव के बाद भी काफी दिनों तक चलती रहती है जिसके लिए स्थानीय पदाधिकारी को निर्वाची पदाधिकारी बनाना उपयुक्त होगा (ii) चुनाव संबंधी कई वाद दायर किये

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001
( पंजीयन सं०-633/2003 )
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.................................. दिनांक..............................

अध्यक्ष ( का० )
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष
* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

जाते है। उक्त वादों में प्रति शपथ दायर करने एवं सुनवाई के दौरान चुनाव संबंधी कागजात को न्यायालय में समर्पित करने हेतु निर्वाची पदाधिकारी को जाना पड़ता है इसके लिए निर्वाची पदाधिकारी के रूप में स्थानीय पदाधिकारी ज्यादा उपर्युक्त होंगे।

बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी आपदा/चुनाव संबंधी कार्य में सरकार/आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन पूरी निष्ठा के साथ निभाने में हमेशा से अग्रणी रहा है ।

संघ यह चाहता है कि उपरोक्त विन्दुओं एवं प्रशासनिक ढाँचा को ध्यान में रखते हुये निर्वाची पदाधिकारी बनाये जाने के संबंध में पुनर्विचार करते हुए जिला पदाधिकारी को समुचित दिशा-निर्देश दिया जाय ।

2. कई जिलों से सूचना प्राप्त हो रही है कि उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को भी प्रखण्ड स्तरीय निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है जबकि अनुमंडल पदाधिकारी, जो बेसिक ग्रेड के पदाधिकारी होते हैं, जिला परिषद के निर्वाची पदाधिकारी होते हैं । राज्य निर्वाचन आयोग का मतगणना संबंधी अनुदेश पुस्तिका के अध्याय 11 कंडिका 20 का पारा द्रष्टव्य है:-

पंचायत समिति के निर्वाची पदाधिकारी,जो कि ग्राम पंचायत के निर्वाची पदाधिकारी तथा जिला परिषद के सहायक निर्वाची पदाधिकारी भी हैं, द्वारा उनके अधीन पंचायत समिति के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों /मतदान केन्द्रवार मतों की गणना समाप्त होने के पश्चात पंचायत समिति के क्षेत्राधीन जिला परिषद के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बार में निर्वाचन क्षेत्रवार/उम्मीदवार वार प्राप्त मतों की संख्या प्रपत्र-20(भाग-1,भाग-2 एवं भाग-3) में अंकित कर उसे जिला परिषद् के निर्वाची पदाधिकारी के पास तुरत भेज देंगे और उसके आधार पर जिला परिषद् के निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-22 में निर्वाचन प्रमाण-पत्र निर्गत किया जायेगा ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :.................................  दिनांक.................................


**अध्यक्ष ( का० )**

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

**उपाध्यक्ष**

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

**महासचिव**

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

**संयुक्त सचिव**

* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

**कोषाध्यक्ष**

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

**संयुक्त कोषाध्यक्ष**

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901


उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट है कि एक वरीय पदाधिकारी (उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को पंचायत समिति का निर्वाची पदाधिकारी बनाये जाने की स्थिति में) द्वारा कनीय पदाधिकारी (अनुमंडल पदाधिकारी को जिला परिषद् का निर्वाची पदाधिकारी बनाये जाने की स्थिति में) को मतगणना संबंधी विवरणी प्रतिवेदित किया जाना है जो प्रशासनिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है ।

दूसरा विन्दु यह है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपर समाहर्त्ता/उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को प्रेक्षक के रूप में नियुक्ति की गई है ऐसी स्थिति में एक ही स्तर के पदाधिकारी पंचायत समिति का निर्वाची पदाधिकारी एवं प्रेक्षक भी होंगे जबकि उससे निम्न स्तर के पदाधिकारी जिला परिषद् के निर्वाची पदाधिकारी होंगे ।

संघ यह चाहता है कि उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को पंचायत समिति का निर्वाची पदाधिकारी नियुक्त नहीं किया जाय । ऐसा होने से पदाधिकारी में आपसी सौहार्द बना रहेगा एवं वरीयता के सोपान की मर्यादा कायम रहेगी ।

विश्वासभाजन

ह0/-
(सुशील कुमार)
महासचिव ।

ज्ञापांक- 06  दिनांक- 24/2/11

प्रतिलिपि-मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0/-
महासचिव ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

ज्ञापांक- दिनांक-

प्रतिलिपि-प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

पत्रांक :..............................

महासचिव ।

दिनांक.............................

अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

ज्ञापांक- 06

दिनांक- 24/12/11

प्रतिलिपि-प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0/-

महासचिव ।

ज्ञापांक- 06

दिनांक- 24/12/11

प्रतिलिपि-सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

ह0/-

महासचिव ।

ज्ञापांक- 06

दिनांक- 24/12/11

प्रतिलिपि-सभी जिला इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह0/-

महासचिव ।

ज्ञापांक- 06

दिनांक- 24/12/11

प्रतिलिपि-सम्पादक सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

सुशील 24/12/11

महासचिव ।